उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपकम)
U.P.Power Corporation Limited
(Govt. of Uttar Pradesh Undretaking)
शक्ति भवन, विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

संख्या– 1884 –औ0सं0/2013–1–ए0एस0/2013 दिनांक 24 जून, 2013

# कार्यालय–ज्ञाप

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में विद्यमान श्रम/सेवा संगठन अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन विसंगति एवं अन्य सेवा सम्बन्धी नीतिगत तथा व्यक्तिगत, सेवानिवृत्त देयो/पेन्शन सम्बन्धी प्रकरणों को प्रबन्धन के समक्ष उठाते रहते हैं। समस्त संवर्गों के कर्मचारियों का आमेलन डिस्काम में किया जा चुका है फिर भी स्थानीय स्तर की सेवा सम्बन्धी व्यक्तिगत माँगें भी श्रम/सेवा संगठनों द्वारा डिस्काम स्तर पर न उठाकर कारपोरेशन (मुख्यालय) स्तर पर उठाई जाती है जबकि उन्हें परिपत्र संख्या–1495–औ0सं0/10–3ए/79 दिनांक 27.04.2010 द्वारा परामर्शित किया जा चुका है फिर भी श्रम/सेवा संगठनों द्वारा जल्दी–जल्दी अपनी माँगों के सम्बन्ध में उच्च प्रबन्धन (निदेशक/प्रबन्धक निदेशक) स्तर पर वार्ता कराये जाने की माँग की जाती है। अतः श्रम संघों की बैठकों हेतु निम्न् व्यवस्था निर्धारित की जाती है :–

(1) कारपेरेशन के मुख्य श्रम/सेवा संगठनों के प्रतिनिधियें के साथ 04 माह के अन्तराल पर वर्ष में अधिकतम 03 बैठके आयोजित की जायेगी। संघ/संगठन केवल ऐसे नीतिगत बिन्दु/माँगें प्रस्तुत करेगें जिनका निराकरण कारपेरेशन (मुख्यालय) स्तर पर ही सम्भव हो।

(2) कैडर/संवर्गीय श्रम/सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों से आवश्यकतानुसार वर्ष में अधिकतम 02 बार बैठकें आयोजित की जायेगी। संघ/संगठन केवल ऐसे नीतिगत बिन्दु/माँगें प्रस्तुत करेगें जिनका निराकरण कारपेरेशन (मुख्यालय) स्तर पर ही सम्भव हो।

(3) डिस्काम स्तर पर स्थानीय सेवा सम्बन्धी, व्यक्गित व सेवानिवृत्तिक समस्याओं के निराकरण हेतु नियमित रूप से श्रम/सेवा संघो से वार्ताए कर संवाद बनाये रखने हेतु सभी डिस्काम के प्रबन्ध निदेशक अपने स्तर पर बैठके/वार्ता कर संगठनों द्वारा प्रस्तुत बिन्दु/माँगों का निराकरण कारपोरेशन की नीति के अनुसार करें।

प्रबन्ध निदेशक

संख्या– 1884 –(1) – औ0सं0/2013 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ से सम्बद्ध निजी सचिव।
(2) निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवम् प्रशासन)/(वितरण)/(वित्त)/(वाणिज्य)/(कारपोरेटर–प्लानिंग), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
(3) प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मध्यांचल, लखनऊ/पूर्वान्चल, वाराणसी/पश्चिमांचल, मेरठ/ दक्षिणांचल, आगरा एवम् केस्को, कानपुर।
(4) मुख्य अभियन्ता (जल–विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
(5) समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।
(6) समस्त अध्यक्ष/महामंत्री, श्रम/सेवा संगठन, उ0प्र0 पावर कारपेरेशन लि0।
(7) अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष सं0–407, शक्ति भवन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया उक्त कार्यालय ज्ञाप को कारपोरेशन की वेबसाइट **www.uppcl.org- Personnel** पर लोड करने हेतु ।

(राधे मोहन)
निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन)

IR-G –LETTER/ 221 PO